लापरवाही | छात्राओं की साइकिलों में लात मारने का आरोप, 1700 छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल

# एमएलबी स्कूल में टीचर की हरकत पर बवाल



**नवभारत, पथरिया 22 जुलाई। जहां एक ओर स्कूल के शिक्षक शिष्टाचार और नैतिकता का पाठ पढ़ाते है, वहीं पथरिया एमएलबी गर्ल्स स्कूल के एक शिक्षक द्वारा ऐसा अमानवीय कृत्य किया गया, जिससे स्कूली छात्राओं और उनके अभिभावकों में रोष का माहौल है।**

कथित आरोपों के अनुसार पथरिया एमएलबी स्कूल में पदस्थ शिक्षक बहादुर अहिरवाल ने किसी बात से गुस्से में आकर बच्चों को चिल्लाते हुए उनकी साइकिलों में लाते मारी, साथ ही बच्चों को जोर से चिल्लाकर वंहा से भगा दिया। जब समस्त घटना की जानकारी छात्राओं के अभिभावकों को पता चली तब उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया, जिसके बाद नगर के कई पत्रकार स्कूल पहुंचे और वहां समस्त घटना की जानकारी मांगी।

### कैमरे की फुटेज गायब

लगाए गए आरोपों को खंगालने के लिए जब स्कूल प्रबंधक सुभाष चंद जैन से कैमरे की फुटेज मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि दो दिन से डीबीआर की हार्ड डिस्क खराब है और सुधरने डली है जिस वजह से कैमरे में रिकॉर्डिंग सेव नहीं हो पाई है।

### शिक्षक को दिया जाएगा नोटिस : प्राचार्य

स्कूल प्राचार्य सुभाष चंद जैन ने भी घटना घटने की पुष्टि की जिसके एवज में संबंधित शिक्षक को जवाबदेही नोटिस दिया जाएगा और प्रतिवेदन बनाकर पूरी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को भेज कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही**

गर्ल्स स्कूल एमएलबी में 1700 छात्राएं है, जिनकी समस्त जवाबदेही स्कूल प्रबंधक की रहती है और ऐसे में सीसीटीवी फुटेज का नहीं होना स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

### आरोपों की पुष्टि स्वयं शिक्षक ने की

अभिभावकों और बच्चों द्वारा जो आरोप शिक्षक बहादुर अहिरवाल पर लगाए गए उनकी पुष्टि स्वयं शिक्षक द्वारा की गई। अपनी सफाई देते हुए उनका कहना था कि जिस जगह पर मैने बच्चों की साइकिलों में लात मारी और उन्हें वहां से भगाया गया, क्योंकि वहां पास के पेड़ पर मधु मक्खी का छाता लगा था।

अत: बच्चे रोकने पर मान नहीं रहे थे। जिस कारण से मैंने उनकी साइकिलों में लात मारी और उन्हें वहीं गिरा दिया, जिससे बच्चे वहां नहीं जाए।

**इनका कहना**

समस्त घटना की जानकारी मिलते ही वृन्देश पांडेय मौके पर स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने बच्चों और स्कूल पक्ष दोनों को सुनने के पश्चात स्कूल प्रबंधक से जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

**वृंदेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार पथरिया**

प्राचार्य से पूरी मामले की जानकारी ले रहा हूं, यदि ऐसा किया गया है तो यह बहुत ही गलत है। नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाएगी।

**धर्मेंद्र चौबे, बीईओ पथरिया**




# नगरपालिका की उदासीनता से बढ़ा खतरा

**जर्जर भवनों से हो सकती है बड़ी जनहानि**

**नवभारत,दमोह। नगरपालिका द्वारा शहर के जर्जर भवनों का सर्वे तो करवा लिया गया है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। बारिश के मौसम में कई जर्जर भवन जानलेवा साबित हो सकते हैं।**

बरंडा के अंदर,सराफा बाजार, सराफा बाजार स्थित टंडन बिल्डिंग, देवकुमार इटोरिया और अन्य दुकानें ऐसे ही जर्जर भवनों में शामिल हैं। ये सभी भवन शहर के मुख्य बाजार में स्थित हैं। नगरपालिका द्वारा इन्हें गिराने की कार्रवाई अब तक आधी-अधूरी है। ये भवन कभी भी गिर सकते हैं और बड़ी जनहानि हो सकती है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन जर्जर भवनों के नीचे हाथ ठेला और सब्जी बेचने वाले रोजाना अपनी दुकानें लगाकर व्यापार कर रहे हैं।नगरपालिका ने कुछ भवनों के आगे बैरिकेटिंग करवा दी है, जिससे रास्ता और भी संकरा हो गया है। तीन मंजिला और दो मंजिला इन भवनों की दीवारें क्षतिग्रस्त होकर गिर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते इन भवनों को नहीं गिराया गया तो बारिश में भीषण दुर्घटना हो सकती है। नगरपालिका से मांग की गई है कि जनहित को देखते हुए जर्जर भवनों को तत्काल गिराकर सुरक्षित स्थान खाली कराया जाए।



**मुलाकात**

नवभारत,दमोह. विधानसभा में प्रदेश के ऊर्जावान कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया की सौजन्य भेंट हुई व प्रदेश के पिछड़ा वर्ग से संबंधित संस्थाओं से अवगत कराया।

### अतिवृष्टि से दो मकान ढहे, बाल-बाल बचे परिवार, प्रशासन ने शुरू की राहत प्रक्रिया

**नवभारत,जबेरा/दमोह।** जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जबेरा के वार्ड क्रमांक 6 में मंगलवार रात हुई अतिवृष्टि के कारण दो परिवारों के कच्चे मकान ढह गए। हादसे में गुमान चौधरी सहित दो परिवारों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।राहत की बात यह रही कि मकानों के अंदर मौजूद सभी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।मकान गिरने से घर-गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर खराब हो गई, पीड़ित परिवारों ने शासन-प्रशासन से उचित आर्थिक सहायता व मुआवजे की मांग की है.



## नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान : बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

**खिलाड़ियों को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ**

**नवभारत,दमोह।** जिला पुलिस बल दमोह द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत बुधवार शाम इनडोर खेल परिसर में बैडमिंटन टूर्नामेंट सिंगल्स एवं डबल्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ष्स्वस्थ समाज, नशा मुक्त दमोह का संदेश देना है। विशेष अतिथियों की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) और सीएसपी एचआर पांडे की विशेष उपस्थिति में हुआ।




### नशा मुक्ति पर दिखाई गई वीडियो, दिलाई गई शपथ

इस अवसर पर नशा मुक्ति से संबंधित 5 मिनट की जागरूकता वीडियो दिखाई गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुल पगारे और डीएफओ ईश्वर जरांडे ने भी नशे के दुष्प्रभावों और नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर आवश्यक जानकारी दी। अधिकारी और खिलाड़ी रहे मौजूद कार्यक्रम में जल निगम से गौरव सराफा, पीएचई विभाग से अशोक मुकाती, विद्युत विभाग से मोतीलाल साहू, सिटी कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू,टीआई रचना मिश्रा,नाजिम खान,आरक्षक प्रमोद गौंड,खेल जगत से आशीष चौरसिया, शुभम नामदेव,उमेश ठाकुर, सहित अन्य विभागों उपस्थित रहे .



### श्रावण सोमवार को जागेश्वर मंदिर गर्भ गृह में प्रवेश निषेध

**नवभारत,दमोह।** आगामी 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो रहे पावन श्रावण मास व सावन के प्रत्येक सोमवार पर देव श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में उमड़ने वाली विशाल श्रद्धालु भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सौरभ गंधर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी अध्यक्षता में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, कानून व्यवस्था, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव की उपासना का सर्वश्रेष्ठ मास माना गया है।इस दौरान प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु देव श्री जागेश्वरनाथ धाम भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन-अर्चन करते हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट ने समय रहते व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

**एक नजर में**



### राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष बने राजीव राय साव का मंदिर में हुआ स्वागत

**नवभारत,दमोह।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा में राजीव राय सावजी को राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर श्री श्री 1008 मां जय हरसिद्धि दरबार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष विनय खटीक कुसुमाकर, उपाध्यक्ष अतुल चक्रवर्ती, समस्त भक्तगण, पुजारी पंडित संजय शरण शास्त्री व ट्रस्ट समिति के सदस्य उपस्थित रहे।सम्मान समारोह में नारायण चक्रवर्ती एडवोकेट, दुलीचंद खटीक,गोविंदा राय कंचू,ओमी चक्रवर्ती,शिवा चक्रवर्ती,गुड्डू खटीक, गोपाला राय सहित समाज के प्रमुख लोग मौजूद थे।सभी ने राजीव राय सावजी को फूलमाला पहनाकर,मीठा खिलाकर व अंगवस्त्र गमछा भेंट कर सम्मानित किया और समाज व संगठन के लिए बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।उपस्थित जनों ने कहा कि राजीव राय के राष्ट्रीय स्तर पर पद प्राप्त करने से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और समाज को नई दिशा मिलेगी।



### राजस्व दल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई,अतिक्रमण हटाकर आवेदक को दिलाया गया भूमि का कब्जा

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर और एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आवेदक को उसकी भूमि का कब्जा दिलाया। तहसीलदार श्रीमती पारुल चौधरी द्वारा पारित राजस्व प्रकरण क्रमांक 0006/अ-70/वर्ष 2026-27 के आदेश दिनांक 10 जुलाई 2026 के अनुपालन में गठित राजस्व दल ने पुलिस बल की उपस्थिति में संबंधित भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।इस कार्रवाई का नेतृत्व राजस्व निरीक्षक गणेश सिंह ने किया। इस दौरान हल्का पटवारी श्रीमती नीरजा मिश्रा पटवारी शुभम बरदिया और पटवारी अरविंद द्विवेदी भी मौजूद .

## ज्ञान साहब की स्मृति में पुस्तक विमोचित, जन्म शताब्दी वर्ष 2026 का हुआ शुभारंभ

**नवभारत,दमोह।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शिक्षाविद स्व.ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव की जन्म शताव्दी वर्ष की समारोह पूर्वक शुरूवात की गई।स्थानीय शास. पी.जी. कॉलेज दमोह में आयोजित भव्य व गरिमामय समारोह में ज्ञानसाहब की जीवनी पर केन्द्रित पुस्तक परिवर्तनकांक्षी (व्यष्टि से समष्टि की जीवन गाथा) का विमोचन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डा.विनोद मिश्रा,कुल गुरू रानी अबंतीवाई लोधी विश्वविद्यालय सागर व कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यमोहन वर्मा वरिष्ठ सहित्यकार दमोह थे।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन व ज्ञान साहब के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा किया गया। श्रीमती प्राची वर्मा (पुणे) ने सितार की ध्वनि के साथ सुंदर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। ट्रस्ट की ओर से न्यास अध्यक्ष डॉ.केदार शिवहरे,नीरज हर्ष श्रीवास्तव, श्जलज हर्ष श्रीवास्तव, श्रीमती भावना श्रीवास्तव, अजय टंडन, डॉ, आलोक जैन, शरद मेहता आदि ने मंचाशीन अतिथियो का शाल श्रीफल व पुष्पाहारो से स्वागत किया।लेखक का आत्म निवेदन श्रीमती नीलिमा वर्मा व पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया और कहा की ज्ञान साहब समाज के प्रेरक स्तंभ थे। संपादक का कथन प्रस्तुत हुआ.



### युवक के सिर में धारदार हथियार से किया हमला

**नवभारत,दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवक पर जानलेवा हमला हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। जिसे इलाज के लिए बुधवार को पुलिस ने जिला अस्पताल दमोह में भर्ती किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई रघुराज सिंह ने बताया कि घायल किशोर पिता प्रहलाद सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी जटाशंकर को दिलावर मुड़ा नाम के व्यक्ति ने सिर में धारदार हथियार मार दिया। जिससे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।



## शराब दुकान सीज, कलेक्टर का आदेश सही साबित

**नवभारत,दमोह।** दमोह शहर के हटा नाका स्थित देसी/अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान (संजीत राय) को सीज करने की कार्रवाई की गई।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा दिनांक 3 जून 2026 को जारी निर्णय अंतत:सही साबित हुआ। संजीत राय द्वारा मदिरा दुकान डी का संचालन गलत स्थान पर किया जा रहा था।इस पर कलेक्टर ने स्वयं संज्ञान लेकर मौका निरीक्षण के पश्चात दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया था। लेकिन इसके बाद आयुक्त आबकारी द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से उस आदेश पर स्थगन दे दिया था।मामला जब माननीय उच्च न्यायालय पहुंचा तो कमिश्नर द्वारा रातों-रात मदिरा दुकान श्डीश् को बंद करवा दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि कलेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई पूर्णत: नियमानुसार और सत्य थी।प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित हो रही शराब दुकान पर आखिरकार रोक लग सकी।




## तेंदूखेड़ा-जबलपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

**ट्रक ने 400 मीटर तक घसीटी इको कार, चालक की मौत**

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** तेंदूखेड़ा से जबलपुर जा रहे एक परिवार की इको कार पाटन थाना क्षेत्र के गुरु पिपरिया के पास ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक इको कार को करीब 400 मीटर तक घसीटता ले गया। इको कार में प्रवीण ठाकुर, उनकी पत्नी, दो बच्चे, दो युवतियां और प्रवीण के दोस्त प्रज्वल सवार थे। कार को अजय पिता राजू पटेल, उम्र 24 वर्ष, निवासी मानपुरा तेंदूखेड़ा चला रहा था। आमने-सामने की भिड़ंत में अजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।इस हादसे में प्रवीण ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कार से निकालकर उपचार के लिए जबलपुर के मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य युवतियों, बच्चों और दोस्त प्रज्वल को मामूली चोटें आईं। सभी का पाटन के शासकीय अस्पताल में इलाज किया गया।परिवार निजी काम से तेंदूखेड़ा से जबलपुर जा रहा था। प्रवीण ठाकुर तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक-3 में किराए के मकान में रहते हैं। मृतक अजय की शादी 6 जुलाई को ही हुई थी।पाटन पुलिस ने मामला दर्ज किया.



## विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

**हायर सेकेंडरी विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**कुम्हारी नवभारत ।** शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय कुम्हारी में थाना प्रभारी बृजेश पांडे ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए बेहद हानिकारक है। नशे के कारण घरेलू हिंसा, पारिवारिक कलह, अपराध और सामाजिक अव्यवस्था जैसी कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।



### युवा पीढ़ी रहे नशे से दूर

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी, तभी स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित जानकारी को गंभीरता और रुचि के साथ सुना। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हरिशंकर लोधी सहित विद्यालय का शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।



### ऑक्सीजन सिलेंडर पलटा

**नवभारत,दमोह।** जबलपुर मार्ग स्थित हथनी के पास ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर जा रहा पिकअप वाहन पलट गया। दमोह से जबलपुर जाते वक्त यह हादसा हुआ।

धरना | कलेक्ट्रेट,जबेरा,तेंदूखेड़ा, हटा, पथरिया में रात 9 बजे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

## छात्र मांगों के समर्थन व राहुल की गिरफ्तारी के विरोध कांग्रेस का प्रदर्शन



**नवभारत,दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी दमोह के तत्वाधान में और जिला अध्यक्ष मानक पटेल के नेतृत्व में मंगलवार रात 9 बजे जिले भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी के बीच धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन छात्रों की मांगों के समर्थन और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, नितिन मिश्रा, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, विजय बहादुर सिह, परम यादव,डी.पी पटेल, विक्रम ठाकुर,बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, दिनेश रैकवार, मुकेश रोहिताश, अखिलेश सोनी, मदन सुमन, अभिषेक यादव, शैलैन्द्र सिंह, गोपाल रैकवार,अजय जाटव,डॉ हीरालाल, गीता लोधी,आशीष शर्मा,कफील कुरैशी,शानु जुनेजा, खिल्लू ठाकुर,वकील कुरैशी, पप्पू कुशवाहा, जावेद रोजान, ए.के. चिश्ती, सुशोभित पटेल आदि रहें.



**जिले भर में दिखा कांग्रेस का विरोध**

जिला मुख्यालय दमोह के कलेक्ट्रेट सहित हटा, जबेरा, तेंदूखेड़ा, पथरिया और अन्य स्थानों पर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरने पर बैठकर विरोध करते नजर आए।

**गिरफ्तारी और लाठीचार्ज के विरोध में हटा में कांग्रेस का प्रदर्शन**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर मंगलवार को छात्रों पर कथित पुलिस लाठीचार्ज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में हटा में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश सराफ और नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश पटेरिया ने किया।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास के घेराव के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अलोकतांत्रिक तरीके से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।



## डकैती के मामले में दमोह पुलिस को बड़ी सफलता

**2 फरार आरोपी कटनी से गिरफ्तार**

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) ने बुधवार को जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता कर डकैती के मामले का खुलासा किया।उन्होंने बताया कि चौकी नरसिंहगढ़ क्षेत्र में 4 जुलाई 2026 को ग्राम सूखी पिपरिया स्थित पीड़िता विजय जैन के घर लाखों रुपये की डकैती हुई थी।इस प्रकरण में दमोह पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पहले इस मामले में दो आरोपी शंकर यादव व राहुल अहिरवार गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसके बाद फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर भोपाल, रायसेन, छतरपुर, दिल्ली, रोहतक (हरियाणा), उड़ीसा व विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) तक दबिश दी जा रही थी।तलाश के दौरान प्रकरण के दो फरार आरोपियों को कटनी मुड़वारा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी में रानू पटेल पिता हलकाई पटेल निवासी बेर किसुनगंज, थाना दमोह देहात व दीपक उर्फ दीपू बंसल पिता उत्तम बंसल निवासी वार्ड क्रमांक-1 पथरिया पूछताछ में दोनों ने घटना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनके कब्जे से 2 सोने की चेन,1 सोने की करधनी और 20,000 रुपये नगद बरामद किए गए हैं।



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रकरण में अन्य आरोपियों और लूटे गए सामान की बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी है। आगे उन्होंने बताया कि इस प्रकार प्रकरण में नव जप्त सामग्री कुल 8,20,000 रुपये की संपत्ति बरामद की जा चुकी है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। प्रकरण की घटना मे रोहित अहिरवार व उसका दोस्त मोनू की संलिप्तता पाई गई है, शेष फरार आरोपी रोहित अहिरवार व उसके दोस्त मोनू की तलाश जारी है। पुलिस टीम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पाण्डेय के मार्गदर्शन रहा.